*प्रेस नोट*                                        *दिनांक 17.10.2025*

**लूट से संबंधित 01 अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से 01 अदद सोने की चैन, 01 अदद देशी तंमचा व 01 अदद जिन्दा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाइकिल बरामद -**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/आपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री अंजनी कुमार पाण्डेय के कुशल निर्देशन में थाना सरायलखन्सी पुलिस को उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब दिनांक 16.10.2025 को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर इन्दरपुर भलया मोड़ के पास से मु0अ0सं0 432/25 धारा 309(4)बीएनएस सें संबंधित अभियुक्त बबलू कुमार जायसवाल पुत्र शंकर जायसवाल निवासी भरलाई थाना शिवपुर जिला वाराणसी के कब्जे से लूटी हुयी सोने की चैन व एक अदद अवैध देशी तमन्चा, एक अदद जिन्दा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटर साइकिल बरामद कर गिरफ्तार किया गया तथा उक्त प्रकरण में 317(2)/317(4) बीएनएस व 3/25 आयुध अधि० की बढोत्तरी कर चालान न्यायालय किया गया । तथा मोटरसाइकिल को अन्र्तगत धारा 207 एमवी एक्ट मे सीज किया गया।

उल्लेखनीय है कि मौर्या ट्रेडर्स के सामने दिनांक 13.10.25 को एक मोटर साइकिल सवार व्यक्ति द्वारा रास्ते मे जा रही महिला से असलहा सटाकर सोने की चेन लूट ली गयी थी, जिसके सम्बन्ध मे वादी मुकदमा द्वारा थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 432/25 धारा 309(4) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया गया था। थाना सरायलखंसी की पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त मोटर साइकिल सवार व्यक्ति की तलाश व गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा था।

**अभियुक्त का विवरण –**

1. बबलू कुमार जायसवाल पुत्र शंकर जायसवाल निवासी भरलाई थाना शिवपुर जिला वाराणसी

**बरामदगी –**

1. लूटी गयी एक अदद सोने की चैन ।
2. एक अदद अवैध तमन्चा व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर ।
3. घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटर साइकिल टीवीएस स्पोर्ट वाहन संख्या UP65DE2191 बरामद ।

**अपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 728/16 धारा 356,379,392,411 भादवि थाना कैन्ट जनपद वाराणसी
2. मु0अ0सं0 151/16 धारा 392,411 भादवि थाना कोतवाली जनपद वाराणसी
3. मु0अ0सं0 265/19 धारा 406,419,420,467,468,471 भादवि थाना रोहनिया जनपद वाराणसी
4. मु0अ0सं0 319/22 धारा 392/411 भादवि थाना पाण्डेयपुर जनपद वाराणसी
5. मु0अ0सं0 123/2018 धारा 420,467,468,471,506 भादवि थाना जिगना मिर्जापुर

**गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम-**

1. निरीक्षक अपराध हरेन्द्र सिंह थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ।
2. उ0नि0 केशर यादव थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ।
3. उ0नि0 अनिल कुमार तिवारी थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ।
4. उनि0 रमन कुमार मिश्र थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ।
5. हे0का0 सन्तोष कुमार थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ।
6. का0 मोहित शर्मा थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ।

**मिशन शक्ति" अभियान फेज-05 के अन्तर्गत नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं/बालिकाओं के साथ किये गये अपराध के विरुद्ध शून्य सहनशीलता(Zero Tolerance) की नीति के तहत जनपद पुलिस द्वारा 02 अभियुक्त गिरफ्तार –**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/आपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान एंव मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत महिला अपराध में शून्य सहनशीलता के क्रम मे तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री अंजनी कुमार पाण्डेय के कुशल निर्देशन में दिनांक 16.10.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान महिलाओ पर अश्लील शब्दों का प्रयोग करना व अश्लील हरकते करने पर ओवर ब्रिज के सामने सहादतपुरा से मु0अ0सं0 257/25 धारा 296 बीएनएस में अभियुक्त अरशद अली पुत्र अशगर अली निवासी नन्दपुर थाना गदरपुर जिला उधम सिंह नगर उत्तराखण्ड व एंटीरोमियो टीम द्वारा अन्तर्गत धारा 170, 126, 135 में अभियुक्त सिराजुल कुरैशी पुत्र हाजी

एनामुल कुरैशी निवासी मु0 पठान टोला थाना कोतवाली नगर  गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

**अभियुक्त का विवरण –**

1. अरशद अली पुत्र अशगर अली निवासी नन्दपुर थाना गदरपुर जिला उधम सिंह नगर उत्तराखण्ड
2. सिराजुल कुरैशी पुत्र हाजी एनामुल कुरैशी निवासी मु0 पठान टोला थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ।

**03 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार –**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के पर्यवेक्षण अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर दिनांक 17.10.2025 को थाना हलधरपुर पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्तगण मलीजान पुत्र मजीद, मन्नू पुत्र बुद्धू निवासीगण लसरा थाना हलधरपुर व थाना रानीपुर पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त राजेश पुत्र शिवदत्त निवासी पड़री थाना रानीपुर जनपद मऊ के  गिरफ्तार कर चालान न्यायलय  किया।

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-5.0 के अन्तर्गत थाना मुहम्मदाबाद द्वारा पब्लिक बालिका इंटर कॉलेज बरमदपुर मोहमदाबाद गोहना व पब्लिक महिला सदर डिग्री कॉलेज बरमदपुर मोहमदाबाद गोहना जनपद मऊ के छात्राओ के साथ रैली निकाल कर किया गया जागरुकता आभियान -

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 17.10.2025 को  थाना मुहम्मदाबाद द्वारा पब्लिक बालिका इंटर कॉलेज बरमदपुर मोहमदाबाद गोहना व पब्लिक महिला  सदर डिग्री कॉलेज बरमदपुर मोहमदाबाद गोहना जनपद मऊ के छात्राओ के साथ रैली का आयोजन किया गया। यह रैली  मिशन शक्ति फेज-5.0 उत्तर प्रदेश सरकार का एक प्रमुख अभियान है, जिसका उद्देश्य नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सुनिश्चित करना है। इस अभियान के

तहत महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों, साइबर अपराध से बचाव, और विभिन्न कानूनों के प्रति जागरूक करना है। साइकिल रैली का आयोजन द्वारा इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाने और समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए किया गया। यह रैली नारी सुरक्षा और सशक्तिकरण का संदेश देने के साथ-साथ समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई।

मिशन शक्ति टीम द्वारा महिला सुरक्षा हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई-

रैली के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न सुरक्षा उपायों, हेल्पलाइन नंबरों (जैसे 1090, 112, 181,1076,1098, 102, 108), और साइबर अपराध से बचाव के तरीकों के बारे में जागरूक किया। साथ ही, महिलाओं को आत्मरक्षा और कानूनी अधिकारों के प्रति प्रेरित किया गया।

"मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत हमारा उद्देश्य न केवल महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, बल्कि उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए समाज में जागरूकता फैलाना भी है। यह रैली स्कूल की छात्राओं कि शक्ति और साहस का प्रतीक है, जो समाज को यह संदेश देती है कि महिलाएँ हर क्षेत्र में सक्षम और सशक्त हैं।मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत मऊ पुलिस द्वारा एंटी-रोमियो दस्तों का गठन कर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जायेगी तथा स्कूलों/कॉलेजों/ गांवों में चौपाल लगाकर महिलाओं/ बालिकाओं को जागरुक किया जायेगा। इस दौरान सभी संबधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे

**पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-5.0 के अन्तर्गत थाना मधुबन द्वारा अमर शहीद भगत सिंह इंटर कालेज जनपद मऊ के छात्राओ के साथ डुमरी मर्यादपुर से फिरोजपुर तक रैली निकाल कर किया गया जागरुकता आभियान -**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 17.10.2025 को थाना मधुबन द्वारा अमर शहीद भगत सिंह इंटर कालेज जनपद मऊ के छात्राओ के साथ डुमरी मर्यादपुर से फिरोजपुर तक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली मिशन शक्ति फेज-5.0 उत्तर प्रदेश सरकार का एक प्रमुख अभियान है, जिसका उद्देश्य नारी सुरक्षा, सम्मान और

स्वावलंबन को सुनिश्चित करना है। इस अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों, साइबर अपराध से बचाव, और विभिन्न कानूनों के प्रति जागरूक करना है। साइकिल रैली का आयोजन द्वारा इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाने और समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए किया गया। यह रैली नारी सुरक्षा और सशक्तिकरण का संदेश देने के साथ-साथ समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई।

मिशन शक्ति टीम द्वारा महिला सुरक्षा हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई-

रैली के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न सुरक्षा उपायों, हेल्पलाइन नंबरों (जैसे 1090, 112, 181,1076,1098, 102, 108), और साइबर अपराध से बचाव के तरीकों के बारे में जागरूक किया। साथ ही, महिलाओं को आत्मरक्षा और कानूनी अधिकारों के प्रति प्रेरित किया गया।

"मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत हमारा उद्देश्य न केवल महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, बल्कि उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए समाज में जागरूकता फैलाना भी है। यह रैली स्कूल की छात्राओं कि शक्ति और साहस का प्रतीक है, जो समाज को यह संदेश देती है कि महिलाएँ हर क्षेत्र में सक्षम और सशक्त हैं।मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत मऊ पुलिस द्वारा एंटी-रोमियो दस्तों का गठन कर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जायेगी तथा स्कूलों/कॉलेजों/ गांवों में चौपाल लगाकर महिलाओं/ बालिकाओं को जागरुक किया जायेगा। इस दौरान सभी संबधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे

**मिशन शक्ति टीम द्वारा अकेली मिली पीडिता को उनके पिता को सुपुर्द किया गया।**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में आज दिनांक 17.10.2025 को मिशन शक्ति टीम थाना कोपागंज जागरूकता अभियान में क्षेत्र में भ्रमण शील थी कि एक महिला कच्छिकला अंडरपास थाना कोपागंज के पास अकेले बैठे मिली जिनसे नाम पता पूछा गया तो अपना नाम पुष्पा यादव पति राम विनय यादव निवासी मुरादपुर गोठा थाना दोहरीघाट उम्र क़रीब 36 वर्ष बताई जो काफी रो बिलख रही थी महिला पुष्पा उपरोक्त को मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना कोपागंज लाया गया तथा पूछताछ की गई तो पता चला कि महिला अपने पति से नाराज होकर अपने मायके भांवरकोल थाना कोपागंज की ओर जा रही थी कि रास्ता भटक गई थी इस पर पीड़िता पुष्पा

उपरोक्त के पिता जोखन यादव पुत्र स्व . कुमार यादव निवासी भांवरकोल थाना कोपागंज से संपर्क किया गया तथा थाने पर बुलाया गया और पीड़िता पुष्पा उपरोक्त से संबंधित सारी बातों और समस्याओं से उनके पिता को अवगत कराया गया। पीड़िता पुष्पा उपरोक्त की काउंसिलिंग कर उनके पिता को सुपुर्द किया गया।पीड़िता के परिजन द्वारा मिशन शक्ति टीम की बहुत बहुत प्रशंसा की गई।

**बरामदकर्ता पुलिस टीम–**

1. म0उ0नि0 सोनिका सिंह,
2. म0उ0नि0 प्रियंका सिंह
3. उ0नि0 राजकमल
4. म0का0 गुंजन प्रजापति थाना कोपागंज जनपद मऊ।

**मिशन शक्ति टीम द्वारा घर से नाराज होकर अपने रिश्तेदारी मे गयी बच्ची का सफल काउसंलिग कर सकुशल उसके माँ को सुपुर्द किया गया।**

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में आज दिनांक 17.10.2025 को थाना दक्षिणोटाला जनपद मऊ पुलिस/ मिशन शक्ति टीम में महिला हेल्प डेस्क मे मौजूद थी कि उसी समय एक महिला बिल्किश जहाँ पत्नी मो0 शाहीद निवासी मदनपुरा थाना दक्षिणटोला जनपद मऊ आयी और बतायी कि मेरी पुत्री रेसाना उम्र करीब 14 वर्ष घर से बाहर निकलने व मोबाइल पर बात करने से मना करने पर नाराज होकर अपने रिश्तेदारी मे चली गयी है और मेरे बार बार बुलाने पर नही आने पर उनकी माँ ने मिशन शक्ति टीम से मदद माँगी।

मिशन शक्ति टीम प्रभारी म0उ0नि0 निशा त्रिपाठी एवं उनकी टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए "संवाद से समाधान" पहल के तहत पीड़िंत माँ एवं उनकी पुत्री रेशमा को थाना हाजा बुलाकर तथा सकुशल काउन्सलिंग कर एक माँ को उसकी पुत्री से मिलाया गया एवं खुशी खुशी थाना हाजा से रुकसत किया गया। इस पर मिशन शक्ति टीम प्रभारी द्वारा बताया गया कि "हमारा उद्देश्य केवल कानूनी कार्रवाई करना नहीं है, बल्कि परिवारों को टूटने से बचाना भी है। टीम द्वारा प्रत्येक महिला को मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक, तनाव प्रबंधन एवं कानूनी सहायता प्रदान किया जाता है। मिशन शक्ति टीम पीड़ित महिलाओं के व्यक्तिगत समस्याओं, घरेलू हिंसा, मानसिक तनाव, घरेलू विवाद, और अन्य सामाजिक मुद्दों से निपटने में मदद करने हेतु समर्पित है। मिशन शक्ति टीम का

प्रयास रहता है कि हर पीड़ित महिला को न्याय मिले और हर विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान हो। थाना दक्षिणटोला पुलिस के इस प्रयास से महिला एवं आस पास के लोगो द्वारा मिशन शक्ति टीम की बहुत बहुत प्रशंसा की गयी।